स्मोकिंग छोड़ने से कम हो जाता है हार्ट अटैक का खतरा

आमतौर पर दिल को खतरा हमारी लापरवाही के कारण होता है। जैसे भोजन में पोषण तत्वों और एक्सरसाइज में कमी, तनाव और स्मोकिंग करना। इन आदतों से ब्लड प्रेशर बढ़ता है और बाद में दिल पर खतरा मंडराता है। अगर ध्यान न दिया जाए तो इसका अंत हार्ट अटैक के रूप में भी हो सकता है।

लेकिन डब्ल्यू एचओ की एक नई रिर्पोट के अनुसार अगर आप सिगरेट पीना छोड़ दें तो आप अपना बहुत सारा पैसा बचा सकते हैं और आपकी जिंदगी में हर साल सिगरेट न पीने से 55 दिन और जुड़ जाएंगे। सिगरेट का त्याग करने से हार्ट अटैक का खतरा लगभग 50 प्रतिशत तक कम हो जाएगा और आप सिगरेट को छोड़ कर बहुत सारी बचत कर सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इससे आपका परिवार भी खुशहाल और सेहतमंद हो जाएगा। आपको यह बात जानकार हैरत होगी कि तंबाकू कानूनी तौर पर बिकने वाला एकमात्र ऐसा पदार्थ है, जिसका निर्देशों के अनुसार सेवन करने से दुनिया में हर 6 सेकेंड में एक व्यक्ति की मौत हो जाती है। भारत की करीब 35 प्रतिशत आबादी किसी ना किसी रूप में तंबाकू और तंबाकू से बने उत्पाद जैसे, गुटखा, पान मसाला, सिगरेट और तंबाकू इत्यादि का सेवन करती है। डब्ल्यू एच ओ की रिपोर्ट डब्ल्यू एच ओ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के लगभग 48 प्रतिशत पुरुष और 20 प्रतिशत महिलाएं तंबाकू का सेवन करती हैं।

इसी रिपोर्ट के अनुसार तंबाकू का सेवन करने वाले 60 प्रतिशत लोग सुबह उठने के आधे घंटे के अंदर सिगरेट या तंबाकू का सेवन करने लगते हैं। भारत में लोग तंबाकू का सेवन औसतन 17 साल की उम्र से ही करने लगते हैं, जबकि 25 प्रतिशत महिलाएं 15 साल की उम्र में तंबाकू की आदि हो जाती हैं। भारत में करीब 16 करोड़ लोग धुआं मुक्त तंबाकू का सेवन करते हैं। और इनमें से ज़्यादातर लोग तंबाकू को चबाते हैं। दुनिया भर में हर साल तंबाकू का सेवन करने से करीब 60 लाख लोगों की मौत हो जाती है। इनमें से 10 लाख लोग अकेले भारत में मरते हैं, पूरी दुनिया के मुकाबले भारत में मुंह के कैंसर के मरीज सबसे ज्यादा है।

इंडियन कॉउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के अनुसार भारत में कैंसर के कल मामलों में 29 प्रतिशत तंबाकू के सेवन की वजह से सामने आते हैं। सिगरेट पीने वाले अपने साथ-साथ दूसरों को भी बीमार करते हैं, डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत की 50 प्रतिशत आबादी को सेकंड हैंड स्मोकिंग या पैसिव स्मोकिंग का सामना करना पड़ता है। इसमें वह लोग आते हैं जो खुद तो सिगरेट नहीं पीते, लेकिन दूसरे लोगों की वजह से सिगरेट के धुआं का शिकार हो जाते हैं। पूरी दुनिया में हर साल सेकंड हैंड स्मोकिंग से 6 लाख लोगों की मौत हो जाती है। अगर आपको लग रहा है कि आप कई वर्षों से सिगरेट पी रहे हैं, और आपको अब तक कोई नुकसान नहीं हुआ है तो हम आपको बता दें कि एक सिगरेट आपकी जिंदगी से 11 मिनट कम कर देती है। अगर आप एक दिन में 20 सिगरेट पीते हैं तो आप हर रोज अपनी जिंदगी के 220 मिनट गंवा देते हैं। यानी साल भर में आपकी जिंदगी से 79 हजार 200 मिनट कम हो जाते है और ये 55 दिनों के बराबर है, यानी 10 साल तक सिगरेट पीने वाला व्यक्ति अपनी जिंदगी के 550 दिन गंवा देता है। सिगरेट छोड़ने के सिर्फ 8 घंटों बाद ही आपके शरीर से कार्बन मोनो ऑक्साइड जैसी जहरीली गैस बाहर निकल जाती है। सिगरेट छोड़ने के 5 दिनों बाद ही शरीर में मौजूद सारा निकोटीन बाहर निकल जाता है, और आप स्वस्थ होने लगते हैं। सिगरेट छोड़ने के बाद आपको हार्ट अटैक जैसी बीमारियां होने का खतरा 50 प्रतिशत तक कम हो जाता है और 5 वर्षों तक सिगरेट छोड़ने से आपको स्ट्रोक होने की संभावनाएं बहुत कम हो जाती हैं।

माइग्रेन से बढ़ता है हार्टअटैक का खतरा

रिपोर्ट-सर्वेक्षण

माइग्रन क कारण हाट अटक का खतरा बढ़ सकता है और यह कम उम्र में ही मृत्यु के लिए जिम्मेदार बन सकता है, यह बात एक नए शोध से सामने आई है। अगर आप भी माइग्रेन के शिकार है तो सावधान हो जायें, क्योंकि दर्दनाक बीमारी माइग्रेन अपने साथ हार्ट अटैक का खतरा लेकर आती है। जर्मनी के इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ और अमेरिका के हार्वर्ड टी एच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ में माइग्रेन, हृदय संबंधी रोग और मृत्यु के बीच संबंधों के लेकर किए गए इस अध्ययन में पाया गया कि माइग्रेन न सिर्फ आपके मस्तिष्क को प्रभावित करता है, बल्कि माइग्रेन और हृदय रोगों का संबंध आपकी मौत से भी हो सकता है। बीएमजे जनल म प्रकाशित एक रिसच में इस बात का खुलासा हुआ है। अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि इस अध्ययन से पता चलता है कि माइग्रेन को हृदय संबंधी रोगों के संबंध में एक गंभीर खतरे की तरह देखा जाना चाहिए। माइग्रेन का संबंध स्ट्रोक बढ़ने के खतरे से रहा है लेकिन कुछ अध्ययनों के अनुसार माइग्रेन और हृदय संबंधी रोगों का संबंध कम उम्र में भी आपके लिए खतरा पैदा कर आपकी मौत के लिए जिम्मेदार हो सकता है। खासतौर से माइग्रेन से पीड़ित महिलाओं में हृदयाघात व स्ट्रोक का खतरा धीरे-धीरे बढता है। और इन कारणों के चलते उनकी मौत वैसे लोगों की तुलना में पहले या जल्दी हो सकती है जिन्हें माइग्रेन नहीं है।

लू का सबसे बड़ा दुश्मन है- सत्तू

गर्मी में तुरंत एनर्जी प्रदान करता है। बच्चों को सेवन जरूर करना चाहिए। पाचनतंत्र के लिए फायदेमंद होता है। यूं तो पिज्जा, बर्गर जैसे युग में सत्तू की कल्पना भी बेकार नजर आती है। क्योंकि अगर हम आपको कहें कि आपने सत्तू खाया है तो शायद आपको पता भी नहीं होगा कि यह होता क्या है, लेकिन हम आपको बता दें कि सत्तू एक ऐसा फूड है जो गर्मी में तुरंत एनर्जी प्रदान करता है, शरीर को ठंडक पहुंचाता है और शरीर को पोषण देने के साथ-साथ मोटापे और डायबिटीज को भी नियंत्रित करता है। यह कहीं भी और किसी भी परिस्थिति में खाया जा सकता है।

करेंट अफेयर - एक लाईन में

वह देश जिसमें पुरातत्वविदों के एक समूह ने 4000 वर्ष पुराना एक मॉडल गार्डन खोज निकाला - मिस्र

वह अंतरराष्ट्रीय संस्था जिसने बताया कि वर्ष 2005-2014 के दौरान भारत में 770 बिलियन डॉलर 49,28,000 करोड़ रुपये का काला धन आया - जी एफ आई - ग्लोबल फाइनेंशियल इंटेग्रिटी

केंद्र सरकार द्वारा कराये गये स्वच्छ सर्वेक्षण में इस शहर को भारत का सबसे साफ शहर घोषित किया गया - इंदौर

हाल ही में भारत के इस एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का दर्जा प्रदान किया गया - विजयवाड़ा

वह देश जिसने विकिपीडिया को चुनौती देने के लिए अपने देश का पृथक एन्साइक्लोपीडिया लॉन्च करने की घोषणा की - चीन

इन्हें हाल ही में जर्मनी में भारत के एम्बेसडर रूप में किसे नियुक्त किया गया - मुक्ता दास

इन्हें हाल ही में अल्बानिया के राष्ट्रपति के रूप में नियुक्त किया गया - इलिर मेटा

जिन्होंने विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप जीती है - मार्क सेल्बी

जमीन पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल का संस्करण भारतीय सेना में किस वर्ष से संचालन अवस्था में है - वर्ष 2007

रेलवे के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज़्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इस वर्ष अपनी जिस शाही रेल के दो नए सर्किट शुरू करने का निर्णय लिया है - महाराजा एक्सप्रेस

डिब्बों, इंजनों की निगरानी हेतु जिस टैग का रेलवे इस्तेमाल करने की घोषणा की - रेडियो आवृत्ति वाले पहचान टैग

भारत की जिस प्रमुख आईटी कम्पनी ने 2 मई 2017 को अपना 20 वर्ष पुराना सुप्रसिद्ध लोगो बदलकर एक नया लोगो अपना लिया - विप्रो

दक्षिण कोरिया द्वारा जिसे राजनयिक सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया - राजीव कोल

राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने जिसे 64वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया- कसीनाधुनी विश्वनाथ

एशियाई विकास बैंक ने चालू वित्ति वर्ष में भारतीय अर्थव्यथवस्थाम में वृद्धि दर जितने प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया- 7.4:

वह संस्था जिसके द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार सरकारी विभागों द्वारा 13.5 करोड़ लोगों के आधार डाटा सार्वजनिक किये जाने की जानकारी प्रकाशित की गयी - सीआईएस

भारतीय सेना ने जमीन से जमीन पर मार करने वाली इस मिसाइल के नए ब्लॉक-तीन संस्करण का सफल परीक्षण किया - ब्रह्मोस

ह्यूस्टन फ़िल्म फेस्टिवल में शबाना आज़मी एवं सतिंदर सरताज अभिनीत जिस फिल्म को पुरस्कृत किया गया - द ब्लैक प्रिंस

03 मई को मनाये जा रहे विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का यूनेस्को द्वारा निर्धारित विषय - क्रिटिकल माइंडस फॉर क्रिटिकल टाइम्स

वह विभाग जिसकी महिला कैडेट्स को एक विशेष सर्टिफिकेट हासिल होने के बाद सीधे वायुसेना में प्रवेश की अनुमति दी गयी - एनसीसी

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे 21 सदस्यीय लोक लेखा समिति के नए अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं, वह जिस नेता का स्थान ग्रहण करेंगे - के वी थॉमस

केन्द्र सरकार ने सूखा राहत के रूप में राजस्थान प्रदेश को जितने करोड़ रूपये की राशि मंजूर की - पांच अरब 88 करोड़

पैन कार्ड को अनिवार्य रूप से आधार कार्ड से लिंक करने के मामले में केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय में जो स्पष्टीकरण दिया - पैन कार्ड के दुरुपयोग को रोकना

देश में जिस राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष जनवरी-दिसंबर से करने की घोषणा की - मध्य प्रदेश

युवाओं में देश प्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य से हाल ही में जिस केन्द्रीय मंत्री ने विद्या वीरता अभियान का शुभारम्भ किया - प्रकाश जावड़ेकर

जापान ने जिस देश के आपूर्ति पोत की रक्षा हेतु सबसे बड़ा युद्धपोत भेजा है - अमेरिका

जिस राज्य की सरकार ने खनिज परिवहन के वाहनों हेतु जीपीएस इंस्टालेशन अनिवार्य किया है - ओडिशा

रामानुजचार्य की 1000 वीं जयंती पर प्रधानमंत्री ने स्मारक स्टाम्प जारी किया है, रामानुजचार्य जिस संप्रदाय को मानने वाले थे - वैष्णव

भारत की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम 2 मई 2017 को जारी हुई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद टी20 टीमों की वैश्विक रैंकिंग में फिसलकर जितने स्थान पर पहुंच गया है - चौथे

सौम्यजीत घोष ने वर्ष 2017 आईटीटीएफ चैलेंज चिली ओपन में एकल और युगल दोनों वर्गों में जो पदक हासिल किया है. स्वर्ण पदक

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड , पीसीबी, के चेयरमैन जिनका इस्तीफा पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा नामंजूर कर दिया गया - शहरयार खान

इन्होने हाल ही में भारत के महालेखा नियंत्रक, सीजीए, का पदभार ग्रहण किया - एंथनी लियानजुआला

विश्व के इस शहर के लिए पहली बार माइक्रोसॉफ्ट द्वारा उसके नाम पर ही फॉन्ट लॉन्च किया गया - दुबई

गंगा नदी को स्वच्छ बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, एनएमसीजी, द्वारा आरंभ किया गया दिवस - गंगा स्वच्छता संकल्प दिवस

भारत के इस पुरुष खिलाड़ी द्वारा तलाहासी चैलेंजर टूर्नामेंट का युगल खिताब जीता गया - लिएंडर पेस

केंद्र सरकार ने रियल एस्टेट क्षेत्र में 1 मई 2017 से नए प्रावधान किए इसका नाम - रियल एस्टेट रेगुलेशन कानून 2016

अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस पर जिसने एक बीमित, दो डिस्पेंसरी और आधार आधारित ऑनलाइन योजना का शुभारम्भ किया - बंडा दत्तातत्रेय

विद्यार्थियों में देशभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना पैदा करने हेतु जिस राष्ट्र व्यापी अभियान की शुरूआत की गयी- विद्या वीरता

नेपाल में जिस पार्टी ने गठबंधन सरकार से हटने का फैसला किया - राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी

उत्तर प्रदेश कैबिनेट के निर्णय के अनुसार प्रति वर्ष जिस तिथि को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस मनाने का निर्णय किया. 24 जनवरी

स्वच्छता आधारित पहल के लिये जिस फाउंडेशन को पुरस्कार मिला है - आगा खान फाउंडेशन

सावधान मोबाईल के ज्यादा इस्तेमाल से बहरें हो सकते हैं आप

मोबाइल के अधिक इस्तेमाल से आप हो सकते हैं बहरे फोन की लत लोगों मे ड्रग्स की लत से कम नहीं है। चाहे कितना भी थके क्यूं ना हो एक बार फोन जरूर चेक करेंगें। तकनीकी ने चीजें जितनी हमारे लिए आसान कर दी है, सेहत के लिए उतनी ही मुश्किल। फोन का जरूरत से ज्यादा प्रयोग शरीर पर बुरा प्रभाव डालता है। इस बात की पुष्टि कई शोध कर चुके है। स्वीडन में हुए एक शोध के मुताबिक तनाव का भी कारण बनता है। खासतौर से महिलाओं में ये तनाव का प्रमुख कारण है। रात में बिस्तर पर सोने समय भी फोन की स्क्रीन पर ताकते रहते हैं तो ये आपकी नींद खराब कर सकता है। फोन से निकले वाली रोशनी शरीर की सिरकेडियन रिदम को प्रभावित करती है और ऐसे हार्मोन्स स्त्रावित करती है जिससे सतर्कता सी बनी रहती है जो नींद खराब करती है। फोन के लगातार प्रयोग से आंखों पर भी उल्टा प्रभाव पड़ रहा है। फोन की स्क्रीन कम्प्यूटर की स्क्रीन से छोटी होती है, जिसकी वजह से मैसेज पढ़ने के लिए आंखों पर ज्यादा जोर देना पड़ता है। मोबाइल फोन से एक सामान्य व्यक्ति की फोकस करने की जो क्षमता होती है उसे प्रभावित करता है। जिस वजह से कई देशों में ड्राइविंग करते वक्त इसका प्रयोग पूरी तरह से निषेध है। कई शोध कहते हैं कि फोन से निकलने वाला रेडिऐशन शरीर पर नकारात्मक असर डालता है। 2013 का शोध कहता है कि फोन से प्रयोग से रक्त चाप बढ़ जाता है। ऐसे में दिल की कई बीमारियां घेर लेती है। फोन के एल्कोट्रोमैग्नेट किरणें कई खतरों को बुलावा देती है। फोन की वजह से किसी भी काम को करने में जरुरत से ज्यादा समय लगता है। बहुत देर तक फोन पर बात करना खतरनाक हो सकता है। ये सुनने की क्षमता पर सीधे असर डालता है।

सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु General Knowledge

कुछ रोचक जानकारी एवं तथ्य

1 चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है, दर्द तुरंत कम हो जाता है।

2 जरूरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।

3 92 प्रतिशत लोग सिर्फ हस देते हैं जब उन्हे सामने वाले की बात समझ नही आती।

4 बत़क अपने आधे दिमाग को सुला सकती हैं जबकि उनका आधा दिमाग जगा रहता।

5 कोई भी अपने आप को सांस रोककर नही मार सकता।

6 स्टडी के अनुसार होशियार लोग ज्यादा तर अपने आप से बातें करते हैं।

7 सुबह एक कप चाय की बजाए एक गिलास ठंडा पानी आपकी नींद जल्दी खोल देता है।

8 जुराब पहन कर सोने वाले लोग रात को बहुत कम बार जागते हैं या बिल्कुल नही जागते।

9 फेसबुक बनाने वाले मार्क जुकरबर्ग के पास कोई कालेज डिग्री नही है।

10 आपका दिमाग एक भी चेहरा अपने आप नही बना सकता, आप जो भी चेहरे सपनों में देखते हैं वो जिदंगी में कभी ना कभी आपके द्वारा देखे जा चुके होते हैं।

11 अगर कोई आप की तरफ घूर रहा हो तो आप को खुद एहसास हो जाता है, चाहे आप नींद में ही क्यों ना हो।

12 दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।

13 85 प्रतिशत लोग सोने से पहले वो सब सोचते हैं जो वो अपनी जिंदगी में करना चाहते हैं।

14 खुश रहने वालों की बजाए परेशान रहने वाले लोग ज्यादा पैसे खर्च करते हैं।

15 माँ अपने बच्चे के भार का तकरीबन सही अदाजा लगा सकती है, जबकि बाप उसकी लम्बाई का।

16 पढना और सपने लेना हमारे दिमाग के अलग-अलग भागों की क्रिया है, इसी लिए हम सपने में पढ नही पाते।

17 अगर एक चींटी का आकार एक आदमी के बराबर हो तो वो कार से दुगुनी तेजी से दौडेगी।

18 आप सोचना बंद नही कर सकते।

19 चींटियाँ कभी नही सोती।

20 हाथी ही एक ऐसा जानवर है जो कूद नही सकता।

21 जीभ हमारे शरीर की सबसे मजबूत मासपेशी है।

22 जब नील आर्मस्ट्रांग ने चन्द्रमा पर अपना बायां पाँव पहले रखा था, उस समय उसका दिल 1 मिनट में 156 बार धडक रहा था।

23 पृथ्वी के गुरूत्वाकर्षण बल के कारण पर्वतों का 15,000मीटर से ऊँचा होना संभव नही है।

23 शहद हजारों सालों तक खराब नही होता।

24 समुंद्री केकडे का दिल उसके सिर में होता है।

25 कुछ कीड़े भोजन ना मिलने पर खुद को ही खा जाते है।

26 छींकते वक्त दिल की धडकन 1 मिली सेकेंड के लिए रूक जाती है।

27 लगातार 11 दिन से अधिक जागना असंभव है।

28 हमारे शरीर में इतना लोहा होता है कि उससे 1 इंच लंबी कील बनाई जा सकती है।

29 बिल गेट्स 1 सेकेंड में करीब 12,000 रूपए कमाते हैं।

30 आप को कभी भी ये याद नही रहेगा कि आपका सपना कहां से शुरू हुआ था।

31 हर सेकेंड 100 बार आसमानी बिजली धरती पर गिरती है।

32 कंगारू उल्टा नही चल सकते।

33 इंटरनेट पर 80 ट्रैफिक सर्च इंजन से आती है।

34 एक गिलहरी की उमर, 9 साल होती है।

35 हमारे हर रोज 200 बाल झडते हैं।

36 हमारा बांया पांव हमारे दांये पांव से बडा होता हैं।

37 गिलहरी का एक दांत हमेशा बढता रहता है।

38 दुनिया के 100 सबसे अमीर आदमी एक साल में इतना कमा लेते हैं जिससे दुनिया की गरीबी 4 बार खत्म की जा सकती है।

39 एक शुतुरमुर्ग की आँखे उसके दिमाग से बडी होती है।

40 चमगादड गुफा से निकलकर हमेशा बांई तरफ मुडते है।

41 ऊँट के दूध से दही नही बन सकता।

42 एक कॉकरोच सिर कटने के बाद भी कई दिन तक जिवित रह सकता है।

43 कोकाकोला का असली रंग हरा था।

44 लाइटर का अविष्कार माचिस से पहले हुआ था।

45 रूपए कागज से नहीं, बल्कि कपास से बनते है।

46 मनुष्य के दिमाग में 80 प्रतिशत पानी होता है।

47 मनुष्य का खून 21 दिन तक स्टोर किया जा सकता है।

48 फिंगर प्रिंट की तरह मनुष्य की जीभ के निशान भी अलग-अलग होते हैं।

49 विश्व का सबसे अमीर देश स्विटजरलैंड है।

50 सऊदी अरब में एक भी नदी नही है।

51 विश्व का सबसे दानी आदमी अमेरिका का राकफेलर है, जिसने अपने जीवन मेँ सार्वजनिक हित के लिए 75 अरब रुपए दान में दे दिए।

52 सबसे महँगी वस्तु यूरेनियम है।

53 दक्षिण ऑस्ट्रेलिया मेँ आयार्स नामक पहाड़ी प्रतिदिन अपना रंग बदलती है।

54 विश्व मेँ रविवार की छुट्टी 1843 से शुरु हुई थी।

55 सारे संसार मेँ कुल मिलाकर 2792 भाषाएँ हैं।

56 फ्रांस ऐसा देश है जहां मच्छर नहीं होते हैं।

57 दक्षिण अफ्रिका में कोबरा नामक वृक्ष के पास इंसान के जाते ही उसकी डालियाँ उसे जकड़ लेती है और तब तक नही छोड़ती जब तक वो प्राण ना त्याग दे।

58 नार्वे देश में सूरज आधी रात में चमकता हैं।

विश्व का सामान्य ज्ञान

विश्व में भारत के अलावा 15 अगस्त को ही स्वतन्त्रता दिवस और किस देश में मनाया जाता है - कोरिया में

विश्व का ऐसा कौन सा देश है जो आज तक किसी का गुलाम नहीं हुआ - नेपाल

विश्व का सबसे पुराना समाचार पत्र कौन सा है - स्वीडन आफिशियल जनरल, 1645 में प्रकाशित

विश्व में कुल कितने देश हैं - 353

विश्व में ऐसा कौन सा देश है जहाँ के डाक टिकट पर उस देश का नाम नहीं होता - ग्रेट ब्रिटेन

विश्व की सबसे बड़ी मस्जिद कौन सी है - अलमल्विया, इराक

विश्व का किस देश में कोई भी मंदिर - मस्जिद नहीं है - सउदी अरब

विश्व का सबसे बड़ा महासागर कौन सा है - प्रशांत महासागर

विश्व में सबसे बड़ी झील कौन सी है - केस्पो यनसी, रूस में

विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप कौन सा है - एशिया

विश्व की सबसे बड़ी दीवार कौन सी है - ग्रेट वाल ऑफ चायना, चीन की दीवार

विश्व में सबसे कठोर कानून वाला देश कौन सा है - सउदी अरब

विश्व के किस देश में सफेद हाथी पाये जाते हैं - थाईलैंड

विश्व में सबसे अधिक वेतन किसे मिलता है - अमेरिका के राष्ट्रपति को

विश्व में किस देश के राष्टपति का कार्यकाल एक साल का होता है - स्विट्जरलैंड

विश्व की सबसे बड़ी नदी कौन सी है - नील नदी ,6648 कि.मी.

विश्व का सबसे बड़ा रेगिस्तान कौन सा है - सहारा, 84,00,000 वर्ग कि.मी. अफ्रीका मेंद्ध

विश्व की सबसे मँहगी वस्तु कौन सी है - यूरेनियम

विश्व की सबसे प्राचीन भाषा कौन सी है - संस्कृत

शाखाओं की संख्या की दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा बैंक कौन सा है - भारतीय स्टेट बैंक

विश्व का ऐसा कौन सा देश है जिसने कभी किसी युद्ध में भाग नहीं लिया - स्विट्जरलैंड

विश्व का का कौन सा ऐसा देश है जिसके एक भाग में शाम और एक भाग में दिन होता है - रूस